वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 114 मंगलवार 22 अगस्त 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# उत्साह के साथ मनाई गई सवाई मानसिंह द्वितीय की जयंती

### राम निवास बाग, सिटी पैलेस और अशोक क्लब में आयोजित हुए कई कार्यक्रम, मूर्ति के सामने हुए एकत्र

**जयपुर. कासं।** महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय की 112वीं जयंती जयपुर में उत्साह के साथ मनाई गई। राम निवास बाग में सुबह जयपुर के पूर्व महाराजा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्त के साथ-साथ संग्रहालय की निदेशक डॉ. रीमा हूजा भी उपस्थित थीं। सिटी पैलेस और एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय के अधिकारियों और स्टाफ ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रमा दत्त ने कहा कि स्वर्गीय महाराजा मान सिंह मॉर्डन जयपुर के निर्माता थे। जयपुर में बड़ी संख्या में कॉलेज, अस्पताल, स्कूल, चौड़ी सड़कें, सिटी स्टेडियम आदि सभी उनके समय में और उनकी पहल पर बनाए गए थे। वे राजस्थान के पहले राजप्रमुख भी थे। शाम को अशोक क्लब में बड़ी संख्या में क्लब के सदस्यों ने स्वर्गीय महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान 4 जैक राइफल्स का आर्मी बैंड उपस्थित रहा। दिन में, सिटी पैलेस और संग्रहालय में बड़ी संख्या में आगंतुकों ने सर्वतोभद्र चौक पर महाराजा की तस्वीर के सामने पुष्पांजलि अर्पित की।



## मिड डे मील की प्रभावी मॉनिटरिंग में बच्चों की माताओं की हो भागीदारी: मुख्य सचिव



**जयपुर. कासं।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि मिड डे मील में बच्चों की माताओं की भागीदारी से कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन तथा मॉनिटरिंग की जानी चाहिये। इसके लिए हर स्कूल में प्रतिदिन कम से कम 5 विद्यार्थियों की माताओं को विद्यालय में प्रार्थना के समय तथा मध्यान्तर में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाना चाहिये। शर्मा सोमवार को शासन सचिवालय में प्रदेश में मिड डे मील कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि मिड डे मील कार्यक्रम में प्रदेश पूरे देश में अव्वल हो। उन्होंने विद्यालयों में मिड डे मील की सुचारू व्यवस्था के लिए किये जा रहे कार्यों तथा नवाचारों के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की माताओं के माध्यम से उनके बच्चों को दूध एवं भोजन उपलब्ध कराया जाना चाहिये, इससे कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सकेगी तथा अभिभावकों में भी संतुष्टि का भाव पैदा होगा। उन्होंने प्रदेश में प्रत्येक शिक्षण संस्थान में न्यूट्रिशन गार्डन विकसित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गार्डन का रख-रखाव भी विद्यार्थियों द्वारा ही किया जाए और इससे उगने वाले फल व सब्जियों का मिड डे मील में इस्तेमाल किया जाए। शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में पाउडर मिल्क व शुगर स्टोरेज, ईंधन, बर्तन आदि की सुचारू व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए।

## भाजपा परिवर्तन यात्रा की डेट पक्की, पहली 2 सितंबर को त्रिनेत्र गणेश मंदिर में होगी शुरू



**जयपुर. कासं**

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 इस साल दिसम्बर में होने की उम्मीद है। भाजपा ने अपनी रणनीति बनाने के साथ-साथ उसको कार्यरुप देना शुरू कर दिया है। भाजपा राजस्थान में परिवर्तन यात्रा निकालने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की चार दिशाओं से निकलने वाली परिवर्तन यात्राओं की डेट तय कर दी है। हर दिन, एक यात्रा की शुरूआत होगी। पहली यात्रा दो सितंबर को त्रिनेत्र गणेश मंदिर से शुरू होगी। भाजपा की परिवर्तन यात्रा की बनाई गई योजना के अनुसार, तीन सितंबर को रामदेवरा, चार सितंबर को बेणेश्वर धाम और पांच सितंबर को गोगामेड़ी से परिवर्तन यात्रा शुरू होगी। पार्टी ने इन यात्राओं की व्यवस्था के लिए प्रभारियों की नियुक्तियां कर दी हैं।

### परिवर्तन यात्रा की डेट व स्थान

**2 सितम्बर:** त्रिनेत्र गणेश मंदिर से निकलने वाली यात्रा की जिम्मेदारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, मोतीलाल मीणा, जितेन्द्र गोठवाल, नारायण मीणा को दी है।

**3 सितम्बर:** रामदेवरा से निकलने वाली यात्रा की जिम्मेदारी राजेन्द्र गहलोत और जगबीर छाबा को सौंपी गई है।

**4 सितम्बर:** बेणेश्वर धाम से निकलने वाली यात्रा की जिम्मेदारी चुन्नी लाल गरासिया, दामोदर अग्रवाल, सुशील कटारा को दी गई है।

**4 सितम्बर:** गोगामेड़ी से निकलने वाली यात्रा की जिम्मेदारी सी.आर. चौधरी और श्रवण सिंह बगड़ी को सौंपी गई है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी इन यात्राओं की शुरूआत करेंगे।



# अतिशय क्षेत्र श्री पार्श्वनाथ चुलगिरि में कल्याण मंदिर विधान का भव्य आयोजन, श्री आदिनाथ मित्र मंडल द्वारा भक्ति भाव से किया विधान





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ अतिशय क्षेत्र चुलगिरी में श्री आदिनाथ मित्र मंडल द्वारा कल्याण मंदिर विधान का भव्य आयोजन किया गया। अध्यक्ष सुनील जैन व मंत्री राजेंद्र बाकलीवाल ने बताया कि मूल नायक श्री पार्श्वनाथ भगवान के अभिषेक ,शांतिधारा प्रातः 7.15 बजे की गई उससे पूर्व गुफा में स्तिथ तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के अभिषेक व शांतिधारा की गई। मूल नायक पार्श्वनाथ की शांतिधारा करने का पुण्य मित्र मंडल के कोषाध्यक्ष मुकेश जैन को तथा श्रेष्ठि नवीन जैन को प्राप्त हुआ। प्रसिद्ध गायिका मंजू ठोलिया व समता गोदिका ने अपनी मधुर आवाज में विधान करवाया। संरक्षक राकेश गोदिका ने बताया कि आज के विधान के पुण्याजर्क मंडल के मंत्री राजेंद्र बाकलीवाल थे।

# तुलसी के पत्ते खाने से क्या फायदे हैं?



तुलसी जो हमें होम ग्रोव्स भी जाना जाता है, हिंदू धर्म में पवित्रता और चिकित्सीय उपयोग के लिए बहुत महत्वपूर्ण एक पौधा है। **इसके पत्तों के सेवन से निम्नलिखित फायदे हो सकते हैं:** तुलसी के पत्तों में अधिक मात्रा में आयरन होता है, जो एनीमिया (रक्ताल्पता) को कम करने और हीमोग्लोबिन को बढ़ाने में मदद करता है। **एंटीऑक्सिडेंट्स:** तुलसी के पत्तों में विटामिन उ और अन्य एंटीऑक्सिडेंट उपस्तिथि होते हैं, जो शरीर के रोगाणुओं के खिलाफ लड़ने में सहायक होते हैं। **इम्यून सिस्टम का विकास:** तुलसी के पत्तों में अन्य विटामिन और मिनरल होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत रखने और रोगों से लड़ने में मदद करते हैं। **श्वासनली और गले के इंफेक्शन व बुखार उतारने के लिए लाभकारी:** तुलसी के पत्तों में विषैले ग्रस्त तत्व होते हैं, जो श्वासनली संबंधी समस्याओं, मलेरिया, बुखार,खांसी और गले के इंफेक्शन को कम करने में मदद करते हैं। **स्ट्रेस कम करने में सहायक:** तुलसी के पत्तों का सेवन शरीर के तनाव को कम करने और मानसिक चिंता को दूर करने में मदद करता है। **उच्च रक्तचाप में लाभदायक:** तुलसी के पत्तों के गुण विशेष रूप से उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक हैं। तुलसी के पत्ते अधिकतर शाकाहारी और स्वादिष्ट होते हैं और उन्हें खाने में विभिन्न तरीकों से उपयोग में लाया जा सकता है, जैसे कि सलाद, चाय, और पोहा,पूरी। तुलसी के पत्ते का सेवन ध्यान रखकर किया जाना चाहिए और यदि आप किसी खास चिकित्सा स्थिति में हैं, तो आपको पहले चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए।



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर। 9828011871

# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर तारानगर विस्तार, जगतपुरा, जयपुर में चवर डुलाने का कार्यक्रम संपन्न





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर तारानगर विस्तार, जगतपुरा, जयपुर में दिनांक 20 अगस्त 2023 को भगवान पार्श्वनाथ की मूल वेदी पर 64 चँवर स्थापित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत मूलनायक 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान के अभिषेक एवम शांति धारा के द्वारा हुई, उसके पश्चात पार्श्वनाथ मंडल विधान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला एवं पुरुषों के द्वारा भक्ति भाव के साथ नृत्य करते हुए विधान किया गया। विधान के पश्चात मूल वेदी के चारों ओर 64 चँवर स्थापित किए गए। प्रथम शांतिधारा एवं अभिषेक का सौभाग्य सुरेश सोनी परिवार एवं पार्थ जैन-सुविधा जैन के परिवार ने प्राप्त किया। सभी भक्तों द्वारा मूलनायक 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक किया गया। मंडल विधान पर मंगल कलश अरविंद जैन परिवार के द्वारा स्थापित किया गया। चार आराधना कलश श्रीमती आशा सोनी, सुभाष जैन कोलकाता वाले, अनीता गोदीका और शिल्पा अजमेरा परिवार ने यह सौभाग्य प्राप्त किया। मंडल पर द्वीप प्रवज्लन अशोक ,विकास जैन परिवार द्वारा किया गया। पंडित नवीन शास्त्री के द्वारा मंडल विधान की पूजा बहुत ही सुंदर ढंग से कराई गई, सभी भक्तों ने भाव विभोर होकर पूजा का आनंद लिया। मंदिर समिति के मंत्री श्री राजकुमार सेठी ने बताया कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों का बहुमूल्य सहयोग मिला। प्रथम चँवर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर महिला मंडल द्वारा स्थापित किया गया।उसके बाद सभी भक्तों ने क्रम से वेदी के चारो ओर चँवर स्थापित किये। समिति के शिरोमणि संरक्षक सुरेश सोनी ने पधारे हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आमेर के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर फागी वाला में जेनेश्वरी दीक्षा 23 अगस्त को

### तीर्थंकर पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक भी मनेगा भव्य रूप मे



**जयपुर. कासं।** गृह जीवन त्याग दीक्षा लेने के भाव जाग गए अपने अहम के विसर्जन और समर्पण,की अद्भुत बेला नजदीक आती जा रही है। जब बुधवार दिनांक 23 अगस्त 2023 को प्रातः 9.00 आमेर के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर फागी वाला में जिस समय राजकुमार गंगवाल जयपुर शहर के नजदीक ही चौमू- घिनौई ग्राम के निवासी, अपने भावों की शब्दांजलि परम पूज्य उपाध्याय भगवन्त 108 श्री उर्जयन्त सागर जी महाराज के चरणों में निवेदन करेंगे। ''मैं अंतिम तीर्थंकर भगवान श्री वर्धमान स्वामी के द्वारा प्रारूपित अनादिकालीन श्रमण धर्म की शरण को स्वीकार करता हूं मैं समस्त पूर्व आचार्यों की शरण को स्वीकार करता हूं । पूज्य महाराज श्री मुझे जिनेश्वरी दीक्षा देकर प्रभु वर्धमान स्वामी के मार्ग पर अग्रसारित करने की कृपा करें।''

## श्री दिगंबर जैन मंदिर, पार्श्वनाथजी सोनियान, खवास जी का रास्ता जयपुर में भव्य बिनौली एवं गोद भराई समारोह



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 21 अगस्त 2023 को सायंकाल 7:00 बजे उपाध्याय 108 श्री उर्जयन्त सागर जी मुनिराज द्वारा दिनांक 23 अगस्त 2023 मोक्ष सप्तमी को भव्य जिनेश्वरी दीक्षा प्रदान किये जाने वाले दीक्षार्थी ब्रह्मचारी श्री राज कुमार जी गंगवाल की बिंदौरी बिलाला गार्डन, पुराना आमेर रोड से पानो का दरीबा होते हुए श्री मंदिर जी पहुंची, मार्ग में साधर्मी श्रावकगणो द्वारा जगह जगह दिक्षार्थी भैया जी की आरती उतारी और गोद भराई की गई। कमल दीवान अध्यक्ष व मंत्री संजय गोधा ने बताया कि मन्दिर जी मे जिनेन्द्र दर्शन




उपरांत दिक्षार्थी भैया जी का श्री रमेश जी गंगवाल द्वारा जीवन परिचय दिया। मन्दिर प्रबंध समिति सहित उपस्थित सभी श्रावक श्राविकाओ ने उत्साह पूर्धक भक्तिभाव से दिक्षार्थी भैया जी की गोद भराई की गई।

# वेद ज्ञान

## समझना क्या मुश्किल?

अक्सर जीवन में लोग टकराव की स्थिति में खुद को पाते हैं। उन्हें लगता है कि वे सही हैं लेकिन उनकी बात को दूसरे समझ नहीं पा रहे हैं। इस तरह का टकराव पति-पत्नी के बीच रिश्तों में भी आता है और माता-पिता के साथ भी ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है। इस टकराव को टालने के लिए आपको यह देखने की जरूरत होगी कि आप किस पायदान पर खड़े हैं। आपको इस टकराव का असर अपने ऊपर नहीं होने देना है बल्कि उससे खुद का बचाव करना है। इसके अलावा अपनी बात को ठीक से रखना सीखना होगा ताकि आप टकराव को टाल सकें। बातचीत का तरीका ऐसा होना चाहिए आप यह तय न करें कि कौन व्यक्ति गलत है बल्कि यह पता लगाएं कि सही बात क्या है। आपका ध्यान व्यक्ति पर नहीं बल्कि उसकी कही बात पर होना चाहिए। चीजों को उनकी पृष्ठभूमि के साथ देखना बंद करें और उनकी गुणवत्ता के आधार पर उनका फैसला करें। इसमें पांच एफ आपकी मदद कर सकते हैं। ये हैं, बी फ्रेंडली, फेयर, फ्रैंक, फर्म और फ्लेक्सिबल। यानी आप दूसरों के प्रति मित्रवत रहें, सच बोलें, निडर होकर बोलें, दृढ़ता से बोलें और दूसरों के सुझावों को अपनाने के लिए लचीलापन रखें। किसी भी बने-बनाए उत्तर की बजाय आपको इन पांच एफ के साथ अपना उत्तर तलाशना चाहिए। जब आप इस तरह जिंदगी की मुश्किलों के हल तलाशने लगेंगे तो पाएंगे कि आपकी जिंदगी आसान हो रही है। एक छोटी-सी कहानी से इस बात को समझिए। एक बच्चा चिल्लाते हुए अपने घर में घुसता है, 'मम्मी अपने घर के बाड़े में एक बड़ी बिल्ली घुस आई है जो शेर जितनी बड़ी है। मां कहती है, 'ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर मत बताओ। मगर मां यह समझना भूल जाती है कि बच्चा अपने सीमित ज्ञान की वजह से सही चीज नहीं बता पा रहा है। अगर आप दूसरों को समझने की कोशिश करेंगे तो आपको उनकी बात भी समझ आ जाएगी। कई बार लोग अपनी बात को ठीक से समझा नहीं पाते हैं लेकिन तब भी उनकी बात समझना आपके लिए जरूरी हो जाता है। मैंने कई लोग ऐसे देखे हैं जो शुरूआत में ही दूसरों को नकार देते हैं और यहीं समस्या शुरू हो जाती है। अगर आप अपने अंदर दूसरों को नकारने का भाव रखेंगे तो आप कभी कुछ अच्छा नहीं सुन पाएंगे और अक्सर खुद को ही श्रेष्ठ समझते रहेंगे।

# संपादकीय

## प्रकृति से छेड़छाड़ बेहद भारी पड़ती जा रही है...

इस वर्ष की बारिश ने एक नई चिंता खड़ी कर दी है, खासकर हिमाचल प्रदेश के लिए यह बेहद त्रासद साबित हो रही है। हालांकि कुछ दिन पहले बारिश का जोर कम हुआ था और लगा था कि अब वहां के लोग तबाही से उबरने की कोशिश करेंगे, मगर रविवार को फिर भारी बरसात और बादल फटने से राज्य के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। बीते दो दिनों में राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश के चलते भारी जानमाल की क्षति हुई है। करीब पचास लोगों की मौत की खबरें हैं। अनेक जगहों पर भू-स्खलन की वजह से कई घर तबाह हो गए और उनमें बहुत सारे लोगों के दबे होने की आशंका है। शिमला के समरहिल इलाके में हुए भूस्खलन की चपेट में एक मंदिर आ गया, जिसमें उस समय काफी लोग जमा थे। कइयों की जान चली गई और कई मलबे में दब गए। इसी तरह, मंडी और सोलन में बादल फटने और कई अन्य इलाकों में भूस्खलन की वजह से घर ढह जाने से भी भारी तबाही हुई है। जाहिर है,



मृतकों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। निश्चित रूप से हिमाचल प्रदेश एक व्यापक आपदा से जूझ रहा है और देश भर में इसे लेकर चिंता पैदा हो रही है। इसी मौसम के पहले दौर की बरसात में भी हिमाचल प्रदेश में व्यापक तबाही हुई। काफी संख्या में लोगों की जान जाने से लेकर कई हजार करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन है। यों यह मौसम हर वर्ष ही पहाड़ी राज्यों के लिए बेहद संवेदनशील और खतरनाक साबित होता रहा है और लोग आमतौर पर इसका सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। मगर इस बार तबाही अन्य वर्षों के मुकाबले ज्यादा हुई है। इस वर्ष अचानक सामान्य से बहुत ज्यादा बारिश होने और बादल फटने की अपेक्षया ज्यादा घटनाओं की वजह से नुकसान भी अधिक हुआ है। ऐसी आपदा का सामना करने के अभ्यस्त रहे हिमाचल के लोगों को भी इतने व्यापक स्तर पर होने वाले नुकसान की आशंका नहीं थी। विडंबना यह है कि पूर्व अनुभवों के आधार पर बचाव के इंतजाम इस बार नाकाफी साबित हुए। दरअसल, मौसम की अपनी गति होती है और उसमें होने वाले तेज बदलाव को लेकर कोई निश्चित अनुमान नहीं लगाया जा सकता। बरसात को लेकर चेतावनी तो दी जाती रही है, लेकिन उसकी तीव्रता कब बहुत ज्यादा हो जाएगी, यह मौसम के रुख पर निर्भर करता है। आमतौर पर बरसात तबाही की वजह तभी बनती है, जब पानी के निकलने का रास्ता बाधित होता है। पहाड़ तब खतरनाक होते हैं, जब उनकी जड़ों के साथ गैरजरूरी छेड़छाड़ होती है। यह छिपा नहीं है कि पिछले कुछ दशकों से पहाड़ी राज्यों में एक ओर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होटल या अन्य निर्माण कार्य व्यापक पैमाने पर हुए हैं और इस क्रम में पहाड़ी नदियों के प्रवाह या उनके सहज रास्तों को लेकर बेहद लापरवाही बरती गई। दूसरी ओर, आवाजाही को सुगम बनाने के नाम पर पहाड़ों को काट कर सड़कों को चौड़ा करने की योजनाओं ने भूस्खलन के खतरों को कई गुना बढ़ा दिया है। **-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## रेवड़ी पॉलिटिक्स

छत्तीसगढ़ चुनाव में इस बार आम आदमी पार्टी भी पूरी ताकत के साथ उतरने जा रही है। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल खुद जमीन पर उतर जबरदस्त मेहनत कर रहे हैं। इसी वजह से पांच महीने में तीसरी बार उनकी तरफ से राज्य का दौरा किया गया है। बड़ी बात ये है कि इस दौरे के दौरान केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी की चुनावी रणनीति के बारे में काफी कुछ बता दिया है। दिल्ली-पंजाब के बाद अरविंद केजरीवाल की तरफ से छत्तीसगढ़ की जनता के सामने भी कई गारंटियों का ऐलान कर दिया गया है। जोर देकर कहा गया है कि अगर उन्हें एक बार सेवा करने का मौका दिया जाएगा तो जनता दूसरी तमाम पार्टियों को भूल जाएगी। अब जानकारी के लिए बता दें कि शनिवार को सीएम अरविंद केजरीवाल रायपुर पहुंचे थे। उनकी तरफ से एक जनसभा को संबोधित किया गया और कुल 10 गारंटियों का ऐलान भी किया गया। 10 गारंटियों में अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया कि



300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी, सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज करवाया जाएगा, हर जगह मोहल्ला क्लिनिक खोले जाएंगे, बेरोजगारों को 3 हजार रुपये का भत्ता दिया जाएगा, बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा, 18 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये देने की बात। अब ये सारे वो वादे हैं जो अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में भी किए थे। उनकी तरफ से ऐसा ही वादों का पिटारा गुजरात में भी खोला गया था। बड़ी बात ये है कि आम आदमी पार्टी ने जिन भी राज्यों में तेजी से अपना विस्तार किया है, वहां पर कांग्रेस बनाम बीजेपी का मुकाबला रहा है। अभी तक का चुनावी अनुभव बताता है कि आम आदमी पार्टी ने सबसे ज्यादा अपनी ग्रोथ से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया है। ये सियासी नुकसान इतना बड़ा रहा है कि पहले दिल्ली में सत्ता गंवाई गई, वहीं बाद में पंजाब में भी सत्ता गंवानी पड़ गई। यहां ये समझना जरूरी है कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का वोटबैंक काफी समान है। दोनों मुसलमान, गरीब, ब्रह्माण पर ज्यादा फोकस जमाते हैं। इसी वजह से जब भी किसी राज्य में आम आदमी पार्टी की एंट्री होती है, कांग्रेस की मुश्किलें ज्यादा बड़ी मानी जाती है। ये अलग बात है कि छत्तीगढ़ में पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा था। वहीं आम आदमी पार्टी ने तो 85 सीटों पर उम्मीदवार उतारकर भी अपनी टैली शून्य रखी। इसी वजह से इस बार मुकाबला और ज्यादा दिलचस्प बन गया है।

# त्रिदिवसीय महामहोत्सव का ध्वजारोहण से हुआ शुभारंभ


अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया



**अजमेर।** श्री दिगम्बर जैन मुनि संघ सेवा समिति के तत्वावधान एवं आचार्य विवेक सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पंचायत छोटा धड़ा नसियां में त्रिदिवसीय महामहोत्सव का शुभारंभ हुआ। महोत्सव में आचार्य विवेक सागर महाराज ने कहा कि आज के व्यक्ति को सुकून की जरूरत है,सबकुछ हैं लेकिन सुकून नही है,सच्चे विचारो से सुकून मिलता है,धर्म हमेशा साथ देता है,संपूर्ण ताकत भक्त की भक्ति में होती है जो श्रद्धा और समर्पण से अपने जीवन को सार्थक कर लेती है, महोत्सव में प्रात ध्वजारोहण मनोज -रूपश्री मोड़ासिया, भक्तामर मंगल कलश स्थापना एवं मांगलिक क्रियाए कैलाश पाटोदी एवं टिकम चन्द पाटनी परिवार ने सम्पन्न की। भगवान नेमीनाथ स्वामी महामण्डल विधान में 135 अर्घ समर्पित। पदम चन्द सोगानी ने बताया दोपहर में 22 वें तीर्थकर भगवान नेमीनाथ स्वामी के जन्म एवं तप कल्याणक के पावन अवसर पर पंचायत छोटा धड़ा मन्दिर परिसर में संगीतमय महामंडल विधान का आयोजन किया गया। विधान में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सामुहिक एवं एकल 135 अर्घ समर्पित किये गये। **विधान के मांडले पर मुख्य सहित पांच मंगल कलश की स्थापनाः** फोरोजाबाद आचार्य महाराज के मंत्रोच्चार के साथ विधान के मांडले पर मुख्य मंगल कलश की अजय बाकलीवाल, चतुर्थकोण मंगल कलश कुसुम जैन,अभय कुमार सेठी,ए.एस.इ.दिल्ली, आशीष जैन फिरोजाबाद ने स्थापना की।

**महिलाओं एवं पुरुषों ने किये भक्ति नृत्यः**
आचार्य महाराज के मुखारबिंद से अर्घ एवं गायक लोकेश ढिलवारी,विजय जैन ने मधुर आवाज में संगीतमय विधान कराया विधान के मध्य मधुर भजनो पर महिला एवं पुरुष वर्ग ने भक्ति नृत्य कर आनन्द लिया।

पदम चन्द सोगानी ने बताया त्रिदिवसीय महामहोत्सव में मंगलवार को दूसरे दिन प्रातः 8.15 गुणानुवाद, प्रवचन सभा दोपहर 1 बजे संगीतमय तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ स्वामी विधान, सांय 7बजे महाआरती एवं भक्तामर दिपर्चना का आयोजन होगाठन जैन फोरम के तत्वधान में 80 वर्ष से अधिक 275 बुजुर्गों का सम्मान रविवार को रेस कोर्स रोड स्थित नवकार वाटिका में किया गया। मंच पर दिगंबर और श्वेतांबर जैन संत भी मौजूद थे राष्ट्रसंत आचार्य विहर्ष सागर जी महाराज संसघ ने कहा की साधु-संतों को एकजुट होकर पूरे समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास करना चाहिए श्वेतांबर संत कमल मुनि कमलेश मुनि ने कहा कि घर और समाज की शान हमको बुजुर्गों से ही है उनका सम्मान भगवान के सम्मान के समान है। उक्त विचार व्यक्त किए इस अवसर पर अशोक मेहता, कांतिलाल बम, निर्मल कासलीवाल ,राजेश जैन दद्दू, होलास सोनी, पण्डित जयसेन जैन आदि समाज जन कार्यक्रम में शामिल हुए।




# कीर्ति नगर में गूंजे "बम-भोले" के जयकारे साथ निकली पहली बार कांवड़ यात्रा

**बाबा अमरनाथ (बर्फानी) की झांकी में उमड़े श्रद्धालु, विधायक कालीचरण सराफ, उपमहापौर पुनीत कर्णावट, कांग्रेस नेता संजय बापना और पार्षद रमेश सैनी ने किया श्रद्धालुओं का अभिनंदन**

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

टोंक रोड़ के कीर्ति नगर में स्थित श्री कीर्तिश्वर महादेव मंदिर (तिकोना) में पहली बार निकली कांवड़ यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा का शुभारंभ प्रातः 9 बजे नीलकंठ महादेव मंदिर से गाजों, बाजों और जयकारों के साथ निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं ने भजन - भक्ति के साथ यात्रा में भाग लिया, इस अवसर पर महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और सर पर कलशों को रखकर कांवड़ यात्रा की शोभा बढ़ाई, इस दौरान कीर्तिश्वर महादेव मंदिर और श्रद्धालुओं ने कांवड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। इससे पूर्व प्रातः 9 बजे नीलकंठ महादेव मंदिर पर वार्ड पार्षद रमेश चंद सैनी, मंदिर समिति अध्यक्ष गौरीशंकर सैनी, सचिव अरविंद अग्रवाल, उपसचिव रत्नेश शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों ने यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा कीर्ति नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कीर्तिश्वर महादेव मंदिर पर आकार संपन्न हुई जहां सभी कांवड़ यात्रियों का स्वागत, सम्मान किया गया। मंदिर समिति सचिव अरविंद अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की कीर्ति नगर में पहली बार कांवड़ और कलश यात्रा का आयोजन किया गया, इसके शुभावसर पर सायं 7 बजे से बाबा अमरनाथ (बर्फानी बाबा) की भव्य झांकी का आयोजन और भोजन प्रसादी रखी गई थी जिसमें कॉलोनी के 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ली और हजारों लोगों ने झांकी के दर्शन किए। इस अवसर पर विधायक कालीचरण सराफ, उपमहापौर पुनीत कर्णावट, पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय बापना, क्षेत्रीय पार्षद रमेश चंद सैनी, अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू, मैं भारत हु संस्था संस्थापक अधिवक्ता रितेश शर्मा, संयुक्त अभिभावक संघ प्रदेश महामंत्री संजय गोयल, ओम प्रकाश यादव, ऋषि गर्ग, आशीष मित्तल सहित विभिन्न समाजसेवियों ने भी भाग लिया। मंदिर में लगी झांकी का अवलोकन करने के लिए केवल कीर्ति नगर ही नही बल्कि मानसरोवर, वसुंधरा कॉलोनी, महावीर नगर, महेश नगर, बरकत नगर आदि कॉलोनियों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं उमड़े और भक्तों के जयकारों की दिव्यगुंज से पूरा वातावरण भगवान भोलेनाथमय हो रहा था। इस दौरान पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय बापना ने कहा की - इंसान के जीवन में आस्था बहुत बड़ा केंद्र है और यह केंद्र हमें मंदिरों मिलता है जहां शिक्षा, संस्कार और व्यवहार मिलते है। हमें मंदिरों के प्रति अटूट आस्था रखनी चाहिए और समय - समय ऐसे आयोजन करते रहने चाहिए जिससे एक-दुसरे में व्यवहार बना रहे। उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने कहा की श्रवण का महीना चल रहा है जिसमें भगवान भोलेनाथ की भक्ति का जनसैलाब उमड़ रहा है, जगह - जगह आयोजन चल रहे है जिसमें शामिल होने का सौभाग्य हमें मिल रहा है, कीर्तिश्वर महादेव मंदिर समिति का आभार व्यक्त करता हु की उन्होंने मुझे भगवान भोलेनाथ के श्रीचरणों में आकर अलौकिक झांकी देखने का सौभाग्य प्रदान किया।



# संगिनी जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ ने किया पौधरोपण




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** संगिनी जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ द्वारा नॉर्दन रीजन सेवा सप्ताह के दौरान खोनागोरियां में पौधारोपण किया गया। संगिनी अध्यक्ष किरण झंझरी ने बताया कि इस अवसर पर विजया काला सचिव, अंजना गंगवाल उपाध्यक्ष, संगीता जैन कोषाध्यक्ष, सपना काला,सीमा दीवान, पिंकी पाटनी आदि सदस्य उपस्थित थे ।

# मयूर स्कूल को बेस्ट इमर्जिंग स्कूल के पुरस्कार से नवाजा




**जयपुर. शाबाश इंडिया**


सीतापुरा स्थित मयूर स्कूल जयपुर को ग्लोबल एजुकेटर्स फेस्ट 2023 में सर्वश्रेष्ठ उभरते स्कूल के लिए बेस्ट इमर्जिंग स्कूल के पुरस्कार से नवाजा गया। यह अवॉर्ड उच्चतम स्तर की शिक्षा, प्रायोगिक ज्ञान, सामुदायिक विकास, पर्यावरण, संस्कृति व सभ्यता, जीवन कौशल, नेतृत्व, खेलकूद व कई सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर नमन कंदोई ने हाई स्कूल शिक्षा पर कोचिंग सेंटरों के प्रभाव का विश्लेषण करने वाले एक पैनलिस्ट के रूप में अपनी विशेषज्ञता साझा की। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार जीतना अनगिनत शिक्षार्थियों के जीवन में बदलाव लाने की हमारी यात्रा की शुरूआत है,साथ ही साथ उन्होंने अपने विद्यालय में कार्यरत टीम की भी सराहना की व आभार प्रकट किया।

# सहकार भारती द्वारा रक्षाबंधन व सातुड़ी तीज पर सत्तू मिठाई का निर्माण प्रारंभ



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** रक्षाबंधन एवं तीज त्यौहार पर प्रतिवर्ष की भाँति सहकार भारती की भीलवाड़ा ज़िला इकाई द्वारा सत्तू निर्माण शास्त्रीनगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में प्रारंभ किया गया। सहकार भारती के जिला महामंत्री दुर्गा लाल सोनी ने बताया कि तीन प्रकार के सत्तू का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें चावल का सत्तू,आटे का सत्तू,बेसन का सत्तू तथा मेवाड़ी बेसन चक्की का निर्माण किया जाएगा। सहकार भारती के जिलाध्यक्ष छितरमल लड्ढा ने बताया के विधिवत पूजा-अर्चना करके कार्य प्रारंभ किया गया। जिले से 125 वितरण केंद्र के माध्यम से बुकिंग की जा रही हैं। बुकिंग की अंतिम तारीख 23 अगस्त तक बढ़ाई गई है। इस अवसर पर विभिन्न समाज जनों एवम्‌ मातृशक्ति द्वारा अवलोकन कर निर्माण की गुणवत्ता की प्रशंसा की गई। ज़िला संगठन प्रमुख सुभाष चेचानी ने बताया की संत श्री रामदास जी रामायणी एवम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक चांदमल सोमानी ने भी अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सीए सुनील सोमानी, सीए मनोज सोनी, नवनीत तोतला, सुशील पगारिया, दिनेश मंत्री, आदि उपस्थित थे।



# उमराव मल संघी बने दिगंबर जैन बापू नगर संभाग के अध्यक्ष



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन समाज बापूनगर संभाग के संयुक्त मंत्री निर्मल कुमार संघी ने बताया कि दिगंबर जैन समाज बापू नगर संभाग के अध्यक्ष महेंद्र कुमार पाटनी के निधन होने पर उपाध्यक्ष प्रो नेमीचंद जैन



द्वारा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन चेत्यालय बापू नगर में बुलाई गई कार्यकारिणी सभा में उमराव मल संघी को सर्वसम्मति से बापू नगर संभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया गया ।सभा का संचालन मनीष बैद द्वारा किया गया।सभा में कार्यकारिणी के ज्ञानचंद झांझरी, राजेश बड़जात्या, सुरेंद्र मोदी, संजय पाटनी, पी के जैन, डॉक्टर जी सी सोगानी, हीराचंद वेद, नेमी झांझरी, सूरज प्रकाश अजमेरा, आकाश जैन, श्रीमती वीणा जैन ने नव मनोनीत अध्यक्ष को माला पहना कर बधाई प्रेषित की ।सभा में दिवंगत अध्यक्ष श्री महेंद्र कुमार जी पाटनी को दो मिनट का मोन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# डॉक्टर पी सी जैन कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर में साइंटिस्ट सदस्य के रूप में मनोनीत



जयपुर. शाबाश इंडिया। राज्य सरकार ने कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर में साइंटिस्ट के बतौर बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट में सदस्य के रूप में प्रमुख शिक्षाविद एम साइंटिस्ट डॉक्टर पी सी जैन को मनोनीत किया है।

# श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चुलगिरी पर पार्श्वनाथ मोक्ष कल्याणक समारोह 23 अगस्त को

## प्रातः 9 बजे होगी पूजन व चढ़ेगा निर्वाण लाडू



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री पार्श्वनाथ चूलगिरि पर श्रावण शुक्ल सप्तमी वीर निर्वाण संवत 2049 बुधवार दिनांक 23 अगस्त 2023 को प्रातः 9 बजे पूजन एवं 10 बजे चूलगिरि के मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याण का लड्डू चढाया जावेगा। अतिशय क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र के शेखर ने बताया कि सभी धमार्नुरागियों से आग्रहपूर्वक निवेदन है कि कार्यक्रमानुसार चूलगिरि पधारकर अतिशय पुण्य के भागी बनें। चूलगिरि पर्वत पर वाहनों के आने-जाने के लिए सड़क मार्ग अत्यधिक सुगम है।खानियां से चूलगिरि पर्वत पर आने-जाने के लिए इस अवसर पर क्षेत्र की ओर से बस की निशुल्क व्यवस्था रहेगी।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com